संख्या- 142/2024/419/35-4-2024/35-4099/235/2023

प्रेषक,

अरुणेश कुमार द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सुलतानपुर ।

नियोजन अनुभाग- 4 लखनऊ; दिनांक: 23 मार्च, 2024

विषय:- जनपद- सुलतानपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में जनपद- सुलतानपुर में शासनादेश संख्या- 540/2023/1283/35-4-2023 दिनांक 29 मार्च, 2023 द्वारा जनपद सुलतानपुर में कुल 15 कार्यों की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रश्नगत 11 कार्यों (उक्त शासनादेश दिनांक 29 मार्च, 2023 के क्रमांक- 1, 3, 4, 6, 8, 9, 10, 11, 12, 14 व 15 पर अंकित) हेतु रु० 353.78 लाख अनुमोदित करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू0 176.86 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। जिलाधिकारी, सुलतानपुर द्वारा पत्रांक- 911/त्व०आ०वि०यो०/2023-24 दिनांक 07-12-2023; पत्रांक- 96/त्व०आ०वि०यो०/2023-24 दिनांक 01-02-2024; पत्रांक- 138/त्व०आ०वि०यो०/2023-24 दिनांक 16-02-2024 एवं पत्रांक- 220/त्व०आ०वि०यो०/2023-24 दिनांक 04-03-2024 के माध्यम से प्रश्नगत 11 कार्यों हेतु उक्त शासनादेश दिनांक 29-03-2023 द्वारा कुल अनुमोदित लागत के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि रु० 176.86 लाख का पूर्ण उपभोग इंगित करते हुए अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

एतद्द्वारा उपर्युक्त शासनादेश से स्वीकृत धनराशि को समायोजित करते हुए देय अवशेष धनराशि रू0 1,76,92,000/- (रूपये एक करोड़ छिहत्तर लाख बानवे हज़ार मात्र) निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

(धनराशि रूपए लाख में)

क्र0	**कार्य**	**अनुमोदित धनराशि**	**अद्यतन अवमुक्त धनराशि**	**अवमुक्त धनराशि**
1.	विकासखण्ड कुड़वार के ग्राम सभा नौगवांतीर पक्की सड़क से प्राइमरी विद्यालय होते हुए पंचायत भवन तक लेपन कार्य।	29.51	14.75	14.76

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**

2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** http://shasanadesh.up.gov.in **से सत्यापित की जा सकती है ।**

http://shasanadesh.up.gov.in

2.	ग्राम सभा पाली-कनौजा पक्की सड़क से नरोत्तमपुर होते हुए ग्राम सभा सेवकरी की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण इण्टरलाकिंग कार्य।	39.04	19.52	19.52
3.	विकास खण्ड- दूबेपुर हसनपुर-कुड़वार सम्पर्क मार्ग पर दिनेश होटल से खंजाची का पुरवा तक (ग्रा०पं०-हसनपुर) लेपन कार्य।	36.79	18.39	18.40
4.	ग्राम पंचायत अहलदादपुर पक्की सड़क से ग्राम पंचायत लखनपुर तक लेपन	30.21	15.10	15.11
5.	ग्राम सभा महेशुआ श्रीराम लखन वर्मा के घर से प्राइमरी पाठशाला की ओर सड़क निर्माण कार्य।	30.99	15.49	15.50
6.	चांदा-इन्दौली पक्की सड़क ग्रा०सभा राजापुर से इण्डेन गैस गोदाम तक की सड़क का निर्माण कार्य।	27.34	13.67	13.67
7.	ग्राम साढ़ापुर पक्की सड़क से ग्राम मरछे ठाकुर बस्ती तक की सड़क का निर्माण कार्य।	38.86	19.43	19.43
8.	मामपुर-बेलाही सम्पर्क मार्ग से ग्रा०-राजीपुर अनुसूचित बस्ती की तरफ सड़क का निर्माण कार्य।	34.77	17.38	17.39
9.	ग्राम सभा चोरमा दुर्गा मन्दिर से निषाद बस्ती तक की सड़क का निर्माण कार्य।	25.62	12.81	12.81
10.	ग्राम सभा नानेमऊ जू०हाई स्कूल से ग्राम डिहवा की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य।	31.11	15.55	15.56
11.	ग्राम सभा चिरानेडीह अण्डरपास से महमूदपुर दुर्गानगर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य।	29.54	14.77	14.77
	योग	**353.78**	**176.86**	**176.92**

1- उक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 29-03-2023 की शर्तें यथावत लागू रहेंगी।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।

3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**

2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** http://shasanadesh.up.gov.in **से सत्यापित की जा सकती है ।**

http://shasanadesh.up.gov.in

4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी |

5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चिमत किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2024 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2024 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून, 2024 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

7- वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च, 2023 एवं यथासंशोधित कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 10/2023/बी-1-602/दस-2023-231/2023 दिनांक 19.09.2023 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय धनराशि रू0 1,76,92,000/- (रूपये एक करोड़ छिहत्तर लाख बानवे हज़ार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्ष 5054043370303 ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24- वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च, 2023 एवं यथासंशोधित कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 10/2023/बी-1-602/दस-2023-231/2023 दिनांक 19.09.2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
अरुणेश कुमार द्विवेदी
संयुक्त सचिव ।

<u>संख्या- 142/2024/419(1)/35-4-2024/35-4099/235/2023, तद्दिनांक |</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त उ0प्र0शासन।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 ।

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**

2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** http://shasanadesh.up.gov.in **से सत्यापित की जा सकती है ।**

http://shasanadesh.up.gov.in

6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी ।
7- मण्डलायुक्त, अयोध्या मण्डल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लखनऊ ।
9- मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर ।
10-मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, सुलतानपुर ।
11- संयुक्त निदेशक, स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन, नियोजन विभाग |
12-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
13- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सुलतानपुर ।
14- अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सुलतानपुर ।
15- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अरुणेश कुमार द्विवेदी
संयुक्त सचिव ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**
2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** http://shasanadesh.up.gov.in **से सत्यापित की जा सकती है ।**